on because I come from Maharashtra, and we have seen how this particular venture is working. Steps were taken to make this venture successful and to avail whatever facilities are there by way of availing loan in order to run the organization properly and fulfil the objective of, maybe, profit or repaying the creditors. If the promoters, if the Directors or if the management is not successful after putting on a lot of efforts, then the remaining things come. Here the way IREDA had extended the loan or it had given the push by way of a loan and the purpose for which it was given, when the management saw that it was not fulfilling or it was not able to fulfil the object, the next ...*(Interruptions)*...

SHRI MANI SHANKAR AIYAR: Sir, is he seeking a clarification? ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I have permitted him. ...*(Interruptions)*... I have allowed him three minutes. ...*(Interruptions)*... Please sit down. ...*(Interruptions)*... No, no, you cannot question that. ...*(Interruptions)*... I have allowed him three minutes. .... *(Interruptions)*... Please sit down. ...*(Interruptions)*....

SHRI ANIL DESAI: Sir, they have spoken their minds. It is very much my right to put forward my views. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No, no, that is up to me to know. ...*(Interruptions)*... Please sit down. ...*(Interruptions)*...

SHRI ANIL DESAI: They should know what the decision is. ...*(Interruptions)*... Now, by doing this, ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Only what Shri Anil Desai says will go on record. Nothing else will go on record. ...*(Interruptions)*... Please sit down. ...*(Interruptions)*... Sit down. ...*(Interruptions)*...

SHRI ANIL DESAI: Sir, my point is, they are tarnishing the image of the House. ....*(Interruptions)*... They are diminishing the image of the House. ...*(Interruptions)*...

SHRI MANI SHANKAR AIYAR: *

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Only what he says will go on record. ...*(Interruptions)*... Sit down. ...*(Interruptions)*... I have allowed him. ...*(Interruptions)*... Sit down. ...*(Interruptions)*... It is not going on record. ...*(Interruptions)*... Mr. Desai, you go ahead. ...*(Interruptions)*... Mr. Mani Shankar Aiyar, sit down, please. ....*(Interruptions)*...

---

*Not recorded.

SHRI ANIL DESAI: Sir, when Mr. Anand Sharma spoke, he spoke of holding up the image of the House. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You make your points. Don't refer to them. ...*(Interruptions)*... Don't refer to them. You say what you have to say. ...*(Interruptions)*...

SHRI ANIL DESAI: : Sir, you extend my time. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Nothing else will go on record. ...*(Interruptions)*... Only what Mr. Anil Desai says would go on record. ...*(Interruptions)*... Sit down. It is not going on record. ...*(Interruptions)*... Mr. Hanumantha Rao, sit down. Mr. Mani Shankar, sit down. ...*(Interruptions)*...

SHRI ANIL DESAI: Sir, as per the recommendations of the CAG ...*(Interruptions)*... Sir, if you look at the observations of the CAG, there is nothing mentioned. ...*(Interruptions)*... They have come out with certain observations. These observations need to go to the PAC, the Public Accounts Committee. ...*(Interruptions)*... That would give its remarks. That would come with its recommendations to the House and, accordingly, Government would take action on the recommendations. They are saying that I am not referring to the CAG Report. They should speak when their turn comes. What I am saying is... ...*(Interruptions)*... I have all the liberty to speak because I have seen how this project is coming up. It is meant for the farmers. If they are really thinking of the betterment of farmers... ...*(Interruptions)*... This project very much belongs to the farmers, Sir. And whatever has been done... ...*(Interruptions)*... Repayment of One-Time Settlement is very much ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Okay; sit down. Shri Tapan Kumar Sen. ...*(Interruptions)*...

SHRI ANIL DESAI: When the UPA Government ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Time over. ...*(Interruptions)*... Shri Tapan Kumar Sen. ...*(Interruptions)*... Mr. Anil Desai, sit down. It is not going on record. Sit down. ...*(Interruptions)*...

SHRI ANIL DESAI: *

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Anil Desai, it is not going on record. Sit down. You have taken four minutes.

SHRI ANIL DESAI: *

*Not recorded.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You have taken four minutes, sit down. Now, Shri Tapan Kumar Sen.

SHRI ANIL DESAI: *

MR. DEPUTY CHAIRMAN: It is not going on record. Shri Tapan Kumar Sen.

SHRI TAPAN KUMAR SEN (West Bengal): Thank you, Mr. Deputy Chairman, Sir.

I wish to seek certain clarifications from the hon. Minister. I am not casting aspersions or insinuations on any person or any organization. The CAG Report has come. I am not talking about the CAG Report also, because on the CAG Report the hon. Minister has made a statement; it is on that that I wish to seek clarifications. So, Mr. Prakash Javadekar, don't raise a point of order! It is out of that.

Sir, I looked into it in the context of the hon. Minister's statement on the Report. The Report cannot be totally wished away. As per my understanding, there are certain cases of illegitimacy and impropriety which need to be addressed. It is my opinion and you may either accept it or not accept it, but the OTS business is something that is wrong. And, not only now, even during the earlier regime, I had raised the issue. The One-Time Settlement system is a kind of amnesty scheme being exercised on account of public money. A person takes a loan from the bank. Thereafter, one-time settlement is made and he need not pay the full dues! That itself is wrong. For that I cannot blame only the hon. Minister. It is the entire system against which our Party is fighting. Secondly, in this case, the purpose for which the resources flowed under the particular scheme has not been served. Even then, that money was utilized gainfully. Instead of green energy, coal energy was produced. And definitely energy was produced, not for philanthropy, but for business. It earned a certain revenue. But it was not shared, and that is what the CAG has clearly pointed out. I think the purpose for which the loan had been taken was not served, even if you paid back the loan. Of course, there was an amnesty of about ₹ 12 crores. The total assessment was ₹ 84 crores and payment made was ₹ 72 crores. So, there was an amnesty of ₹ 12 crores. But the purpose for which the funds flowed and should have been utilized, that is, for generating green energy, was not met. I think, here lies the basic illegitimacy that the CAG has clearly pointed out. Now, the hon. Minister has given his own explanation. But this point does not stand explained by that. There are other aspects as well which I am not going into because time would not permit. I am not going into those other aspects. There are doubts, the manner in which the CAG has reported, about

*Not recorded.

the credentials and ownership of many of the companies. Now, here is the question. There are eight other companies. What action has been taken against companies which have not paid even a single pie?This is a part of the whole thing. But, again, that cannot exonerate this case, particularly on the point of illegitimacy and impropriety. I have raised it and requested that the hon. Minister should give a clear clarification on it.

श्री हरिवंश (बिहार) : माननीय उपसभापति जी, आपने मौका दिया, मैं आभारी हूँ। पिछले दो दिनों से लगातार भ्रष्टाचार, घोटाला और इस तरह के ऐसे अनेक शब्द हम सब सुन रहे हैं, जो हमारे राजनीतिक जीवन में, हमारी राजनीतिक प्रणाली में नहीं होने चाहिए।

मैं इस संबंध में एक प्रसंग सुनाना चाहता हूँ कि हमारी विरासत क्या रही है और आज हम कहाँ खड़े हैं कि ऐसे सवालों पर हमें बातचीत करनी पड़ रही है। इस साल भारत सरकार ने पंडित मदन मोहन मालवीय को "भारत रत्न" दिया। मालवीय जी आज़ादी की लड़ाई के शिखर पुरुषों में थे। ...**(व्यवधान)**... मैं सीएजी पर ही आ रहा हूँ। ...**(व्यवधान)**... आप मेरी बात सुनें। मालवीय जी जब वाइस चांसलर थे, तब की एक घटना है। सर, उनके घर में दो किचन थे। एक उनके निजी परिवार के लिए था और दूसरा उनके लिए था। एक दिन उनका एक पोता बिना खाए परीक्षा देने गया, मालवीय जी भी भूखे रहे। जब वह बच्चा लौटकर आया, तब उसने मालवीय जी से पूछा कि आप भी भूखे रहे, मुझे भी भूखा रखा, क्यों? मालवीय जी ने जो जवाब दिया, उसे हम सबको अपने सार्वजनिक जीवन में याद रखना चाहिए, तो यह स्थिति नहीं बनेगी। मालवीय जी ने कहा कि देखो, मेरे किचन का अन्न, देश का जो गुप्त परिवार है, जो आज़ादी की लड़ाई में सबसे बड़ा दान देने वाला है, जिसने काशी विश्वविद्यालय की स्थापना की और जिसने भारतमाता मंदिर बनाया, उस परिवार से दान में आया हुआ है, जिसे मैं खाता हूँ। घर में जो दूसरा किचन है, उसमें घर के श्रम से उपार्जित अन्न है, जिससे वह किचन चलता है। तुम लोगों ने देश की आज़ादी की लड़ाई के लिए, देश के सार्वजनिक जीवन के लिए कुछ नहीं किया है, इसलिए वह अन्न मत खाओ। यह हमारी सार्वजनिक मर्यादा रही है, सर।

सर, मैं आपको बताना चाहूँगा, मैं पंडित जी और गांधी जी की बात छोड़ दूँ, वे बहुत बड़े लोग थे। मैं लाल बहादुर शास्त्री, कामराज जी, रामसेवक सिंह, भोला पासवान शास्त्री और ऐसे अनेक लोगों के प्रसंग सुना सकता हूँ, जिन्होंने जो जीवन जीया, उससे उन्होंने एक नैतिक मापदंड स्थापित किया। आज हमारे राजनेता, चाहे इधर के हों या उधर के हों, हम क्या जीवन जी रहे हैं? हम एक-दूसरे पर किस किस्म के आरोप लगा रहे हैं? अगर हमें इनसे बचना है, तो हमें अपनी पुरानी विरासत और पुराने आदर्शों की ओर लौटना होगा। सर, मैं यही निवेदन करना चाहता हूँ कि अगर हम अपने आदर्शों पर होते, तो दो वर्ष से संसद, इधर से या उधर से, ये हालात देखने को नहीं मिलते और हम कम से कम आत्मसम्मान से यह कहते कि हम राजनीति में हैं, हम उस परम्परा की राजनीति में हैं, जिसमें मालवीय जी, गांधी जी, जयप्रकाश जी, जवाहरलाल नेहरू जी और कामराज जी जैसे लोग रहे हैं। वे बहुत महान व्यक्ति थे। सर, हम उन्हें याद रखें, यही मेरी गुजारिश है। धन्यवाद।

SHRI D. RAJA (Tamil Nadu): Sir, in the statement made by the Minister, he has frequently referred to one-time settlement. If a company incurs genuine loss and if a company is not in a position to pay back its loans, it goes for one-time settlement. Since

[Shri D. Raja]

the Finance Minister is sitting here, I would like to ask him if this one-time settlement needs to be redefined. It has become a source of corruption; it has become a source of wilful default. I find that it is the root cause for the huge NPAs that our banks have got. The Finance Minister should take note of it. Now, I am asking the Minister. Did the said company, Purti, use this one-time settlement as a means to do wilful default? Otherwise, why has the CAG made a reference to this company? There is a reason for CAG to make reference to this company because of this manipulation for wilful default. The Minister has to clarify it. Having said that, the case is not just financial. The question is: Can a non-conventional energy-generating company be automatically converted into a conventional power-generating unit? In this case, it is 'thermal'. Was the permission for non-conventional energy unit cancelled? Was a fresh permission for thermal power station taken?I am asking this because the procedure for both is different, not the same. And, moreover, when you talk of clean energy, or other things, the forest, the Muniya Forest, is just three to four kilometres away from the said Ideal Power Plants. How does it protect the environment? The Minister should explain it. Otherwise, there is no point in blaming the CAG. The CAG goes into the accounts and it gives its Report in the interest of the country, whether country incurs any loss or not, whether country's Exchequer faces loss because of this company. We are not saying that. There is no point in blaming the CAG. Why should CAG mention the Company in which he is involved? The CAG could have mentioned several other companies. Why did it mention this Purti Company? So, there is something which needs to be explained and the Minister should explain this to the House.

श्री आनन्द शर्मा : सर, जिस विषय पर बात हो रही है, मैं कोई वह बात नहीं दोहराऊंगा जो माननीय सदस्यों ने पहले कह दी। दूसरी बात, हमारी कोई मंशा यहां का वातावरण खराब करने की नहीं है, क्योंकि सदन में एक रिपोर्ट आई थी इसलिए यह प्रश्न उठा। माननीय मंत्री गडकरी जी ने जो कहा है, हम स्वीकार करते हैं कि आपका अधिकार है, आपकी कम्पनी का अधिकार है कारोबार करने का, कर्जे लेने का, प्रोजेक्ट बनाने का। लेकिन आपने अपने बयान में यह कहा कि आपको बगास से अलग हटना पड़ा, क्योंकि गन्ने का उत्पादन नहीं हो रहा था। अभी भी आपने कहा कि किसान आत्महत्याएं कर रहे थे। तो उससे एक प्रश्न उठता है, क्योंकि वन टाइम सेटलमेंट का केस है कि अगर इसका मतलब माली हालत अच्छी नहीं थी, कर्जा लेना तो अधिकार था, अगर ऐसी बात थी तो आपने कर्जा लिया और आपने स्वयं कहा कि हमने कर्जा लिया और हमने गारंटी के साथ दिया, मैं आपकी बात को मानने को तैयार हूं। परन्तु एक बात उठती है, जब आप कर्जा भी ले रहे थे, वन टाइम सेटलमेंट भी हो रही थी, गन्ने का उत्पादन नहीं हो रहा था जिसे आपको बदलना पड़ा कोयले की तरफ, तो उस समय इसी कम्पनी ने दो शक्कर के कारखाने -शुगर मिल्स लीं, एक वैनगंगा भंडारा में और दूसरी वर्धा में। तो दो शुगर मिल उसी समय में लीं जिस समय गन्ने का उत्पादन नहीं था, पैसा

नहीं था कर्जा लेना था, इस पर आप जरा स्पष्टीकरण दे दें। इसको भी आप स्पष्ट कर दें, क्योंकि वह उसी समय में हुआ था जब आप उसमें थे। मेरा सिर्फ यही क्लेरिफिकेशन है, उसको स्पष्ट कर दें।

श्रीमती रजनी पाटिल (महाराष्ट्र) : सर, आपके माध्यम से मैं मंत्री जी को तीन सवाल करना चाहती हूं। एक तो पूर्ति सहकारी कारखाना था। उसको आपने सहकार कारखाना कर दिया, लिमिटेड कम्पनी कर दिया। तो एक्च्युअली सहकार कारखाने का मतलब, हमारे हिन्दुस्तान में खास तौर से महाराष्ट्र में किसानों के लिए शुगर फैक्टरी खोलने का मतलब यह होता है। लेकिन किसानों की जगह कुछ कम्पनियों ने आकर यह सहकार कारखाना टेकओवर कर लिया जिसमें आई0आर0बी0 उसका रिफ्रेंस भी आया है, इस कम्पनी का सबसे ज्यादा स्टेक रहा। सर, 2000 से 2008 तक गडकरी साहब इसके चेयरमैन रहे हैं। और उसी टाइम पर यह * सामने आया है। 39 कम्पनियां इसमें शामिल थीं, जिनका बहुत बड़ा स्टेक था और एक इंटरलिंक करके हजार से बारह सौ कम्पनी टोटल हो गई हैं। सर, इन सभी के एड्रेसेज झुग्गी-झोंपड़ियों में हैं।...**(व्यवधान)**...

श्री मुख्तार अब्बास नक़वी : सर, यह * वर्ड एक्सपंज करिए। Where is the word* in the CAG Report? ...*(Interruptions)*... सी0ए0जी0 रिपोर्ट में कहीं * नहीं लिखा है।...**(व्यवधान)**...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I will go through the record.

श्रीमती रजनी पाटिल : इतना ही नहीं, गडकरी जी के जो नौकर हैं, ड्राइवर हैं, मुनीम हैं इन सब के लाखों रुपए के शेयर्स इस कम्पनी में रहे हैं। अगर ऐसे हमारे भी ड्राइवर होते तो हम भी बहुत खुश रहते। यहां पर मुझे एक ही बात कहनी है कि यह सब करते समय जिस विदर्भ की भाषा यह करते हैं, जिस विदर्भ की भाषा यह सरकार बोलती है उसी विदर्भ में अगर आत्महत्याएं होती हैं तो इन्होंने इन किसानों की क्या वचन पूर्ति की, यह मुझे पूछना है। सर, पूर्ति शुगर फैक्टरी में बगास बेस शुगर फैक्टरी खोलने का सोचा।लेकिन उन्होंने बाद में कहा कि हमारे पास गन्ना नहीं था, raw material नहीं था और हमने इसे कोल बेस कर दिया। तो जब इन्होंने गन्ना बेस फैक्ट्री के लिए लोन लिया था, उस समय क्या वहां गन्ना उपलब्ध था?

सर, आदरणीय फाइनेंस मिनिस्टर यहां मौजूद हैं, मैं उनसे पूछना चाहती हूं कि जब कोई कंपनी ओटीएस करती है, तो बगैर एनपीए में जाए उसका ओटीएस नहीं हो सकता। इस का मतलब साफ है कि जब पूर्ति कंपनी में ओटीएस हुआ तो वह एनपीए में गयी थी, जहां आप बता रहे हैं कि गन्ना उपलब्ध नहीं है, लेकिन उसी समय इन्होंने दो फैक्ट्रीज उसी विदर्भ में महात्मा और वैनगंगा ले लीं। ये सभी सरकारी योजनाएं आपने अपने हित में ली हैं। सर, सीएजी रिपोर्ट यह स्पष्ट करती है कि सब्सिडी के पैसे अनधिकृत रूप से इरेडा को दिए गए हैं जब कि मंत्री जी बार-बार बोल रहे हैं कि सब्सिडी का एक भी पैसा पूर्ति ने नहीं लिया है। मंत्री जी इस बारे में स्पष्टीकरण दें। गडकरी जी, मैं आप से एक ही दरख्वास्त करना चाहती हूं कि Caesar's wife must be above suspicion. आपको suspicion के घेरे में नहीं रहना चाहिए। मैं इतना ही कहकर अपनी बात समाप्त करती हूं।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Okay. Hon. Members, all the names which I got in time are exhausted, but I have got two names late; Mr. Narendra Kumar Kashyap and Mr. Ramdas Athawale. Now, Mr. Kashyap, please.

---

*Expunged as ordered by the Chair.

श्री नरेन्द्र कुमार कश्यप (उत्तर प्रदेश) : माननीय उपसभापति महोदय, चूंकि आज तीसरा दिन है जब कि यह सदन काम नहीं कर पा रहा है और जो विषय चल रहा है, वह कुछ मुद्दों को लेकर सवालिया निशान पैदा कर रहा है। मैं आरोप-प्रत्यारोप पर बहुत ज्यादा बात नहीं करूंगा, माननीय मंत्री जी, जिन पर सीएजी की रिपोर्ट के आधार पर आरोप लगा है, लेकिन एक जरूरी बात उनसे पूछना चाहूंगा कि जिस मद के लिए आपने लोन भी लिया और आप उसे चुकाने की बात भी कह रहे हैं, बाद में गन्ने की उपलब्धता न होने की वजह से उसे divert भी किया गया। हम जानना चाहते हैं कि यह लोन का धन, जोकि किसानों की बेहतरी के लिए मिला होगा, उस को divert किस नियम के आधार पर किया गया? क्या उसे divert करने से किसानों का नुकसान नहीं हुआ होगा?

श्री रामदास अठावले (महाराष्ट्र): डिप्टी चेयरमैन सर, इस august House में जो चर्चा चल रही है, लेकिन मुझे लग रहा है कि नितिन गडकरी जी एक ईमानदार नेता और कार्यकर्ता हैं। उन्होंने पूर्ति कपनी विदर्भ में शुरू की, उस समय किसानों द्वारा आत्म-हत्याएं बढ़ रही थीं और विदर्भ का डेवलपमेंट नहीं हुआ था, इसीलिए गडकरी जी ने पूर्ति कंपनी शुरू की। सर, और लोगों ने भी बहुत सी कंपनियां शुरू की हैं। ..**(व्यवधान)**... आप भी कंपनी शुरू करो, हम भी करेंगे, तभी देश का विकास होगा। अगर बेरोजगारों को रोजगार देना है, तो यह करना पड़ेगा। डिप्टी चेयरमैन सर, मेरा कहना इतना ही है कि नितिन गडकरी जी की कंपनी के नाम पर उन्हें बदनाम करने का प्रयास हो रहा है और अगर घोटाले की चर्चा करनी है, तो कोयला घोटाले का क्या हुआ, कॉमन वैल्थ गेम्स घोटाले का क्या हुआ और 2जी Spectrum का क्या हुआ? ..**(व्यवधान)**..

SHRI P. KANNAN: Sir, he is speaking something else. ..*(Interruptions)*...

श्री रामदास अठावले : इसलिए मुझे लगता है कि अपने देश की प्रगति के लिए इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट की आवश्यकता है। हमारे यहां खेती प्रमुख उद्योग तो है ही, लेकिन और भी उद्योगों के निर्माण की आवश्यकता है। नितिन गडकरी जी ने भारी उद्योग में दो कारखाने शुरू किए। अभी रजनी बहन ने कहा कि इन्होंने ये कारखाने क्यों शुरू किए? मैं पूछता हूं कांग्रेस के लोगों ने कितने शुरू किए? ..**(व्यवधान)**..

SHRI ANAND SHARMA: Sir, he is not speaking on the Minister's statement. ..*(Interruptions)*...

श्री रामदास अठावले : अब सीएजी की रिपोर्ट में नितिन गडकरी जी के पूर्ति कारखाने के बारे में जो लिखा है, उसके बावजूद उन्होंने उत्तर में अपनी भूमिका स्पष्ट की है। नितिन गडकरी जी, तुम आगे बढ़ो, हम तुम्हारे साथ हैं। ..**(व्यवधान)**.. जो लोग हंगामा करते हैं, करने दो, मैं और मेरी पार्टी आपके साथ हैं।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Okay, Now, Shri Nitin Gadkari.

श्री नितिन जयराम गडकरी: सम्माननीय उपसभापति महोदय, पहली बात तो यह है कि यह प्रोजेक्ट इंटीग्रेटेड था। इसमें गन्ना लगाने के बाद गन्ने के जूस से शुगर बनती है, मोलासेस से इथनोल बनता है और गन्ने के बगास से बिजली बनती है। इंटीग्रेटेड होने के नाते इस गन्ना मिल को कॉपरेटिव

बैंकों ने कर्जा दिया था, इथनोल के लिए बैंक ऑफ महाराष्ट्र और स्टेट बैंक ऑफ इन्दौर ने कर्जा दिया था और ग्रीन पावर के लिए इरेडा ने कर्जा दिया था। वहां जो दो फैक्टरीज थीं, वे कांग्रेस के नेता की ही थीं, जिन्होंने हमें बगास देने का वादा किया था। हमारे क्षेत्र में 22 फैक्टरीज कांग्रेस के नेताओं ने लगाईं, लेकिन दुर्भाग्यवश वे लगभग 22 की 22 खत्म हो गईं। विदर्भ में आज केवल तीन फैक्टरी चल रही हैं, जो हमारी हैं। रजनी ताई, जिन दो फैक्टरियों का जिक्र आपने किया है, ये वर्धा जिले और भंडारा जिले में हैं। भंडारा जिले में जो फैक्टरी थी, वह जो कांग्रेस के एमएलए थे, उनकी थी, पूरा उसका दीवाला पिट चुका था। मैंने इसको किसानों के हित में चालू करवाया। दूसरी जो फैक्टरी थी ...**(व्यवधान)**...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No; please listen. . ..*(Interruptions)*... Please listen. ..*(Interruptions)*.. No, no; not allowed. ...*(Interruptions)*... Mr. Khan, sit down. ...*(Interruptions)*...

श्री नितिन जयराम गडकरी: दूसरी जो फैक्टरी थी, वह वर्धा जिले में मुरगु वानखेड़े की थी। पूर्ति नागपुर जिले में है और वह वर्धा जिले में है। उस फैक्टरी का भी दीवाला पिट चुका था। आप नाराज मत होना, दर्डा जी आपको बताएंगे, विदर्भ में जितने कांग्रेस के लोगों ने फैक्टरियां खोलीं, उनका पूरा दीवाला पिट चुका है, केवल तीन फैक्टरी बची हैं और उन्होंने बैंकों का पैसा भी नहीं दिया। ...**(व्यवधान)**...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please listen to him.

श्री नितिन जयराम गडकरी: मैं आपको यह भी बताना चाहता हूँ। उपसभापति महोदय, इस फैक्टरी पर तीन लोगों का कर्जा था। अब सीएजी कहती है कि आपने एकाउंट में पैसा क्यों जमा नहीं किया? तब कॉपरेटिव बैंकों ने ऑब्जेक्शन लिया कि हमारा भी अधिकार है और बैंक ऑफ महाराष्ट्र और स्टेट बैंक ऑफ इन्दौर ने भी ऑब्जेक्शन लिया। उसके एकाउंट में जो पावर का पैसा जमा नहीं कर पाए, तो उसका जवाब हमने इरेडा को दिया। आपने बहुत अच्छी बात कही, जो आपने शंका उपस्थित की, यह बात जरूर है कि इरेडा ग्रीन पावर के लिए है और इसलिए ग्रीन पावर के लिए जो पैसा मिलता है, वह कोयले के पावर के लिए यूज़ करना गलत होगा। आपकी यह बात बिल्कुल सही है। इसलिए हमने इरेडा को पत्र लिखा, मैं आपको इस पत्र की कॉपी देना चाहता हूँ, इस पत्र की तारीख 14 सितंबर, 2009 है, जो हमारे मैनेजिंग डायरेक्टर ने इरेडा के मैनेजिंग डायरेक्टर मिस्टर मजूमदार को लिखा। इसकी कॉपी मैं आपको देता हूँ, जो आप माननीय सदस्यों को भी दे दीजिए। इसमें हमने रिक्वेस्ट की कि हमारे क्षेत्र में जो तीन फैक्टरी थीं बगास की, वे बंद पड़ गई हैं। हमें 10 परसेंट बगास मिल रहा है, क्योंकि गन्ना लगा नहीं। अब हमारे पास पर्याय यह है कि या तो फैक्टरी को बंद रखना होगा या बगास के बजाय कोयले पर चलाना होगा। अगर कोयले पर चलाएंगे, तो आपका ऑब्जेक्शन आएगा कि ग्रीन पावर के लिए लोन लिया है, जैसा आपने कहा। हमने खुद आगे आकर, हमने कोई फाइनेन्शियल इरेगुलेरिटी नहीं की, हमारा एकाउंट एनपी हो गया था। हमसे इरेडा ने कोई पैसे नहीं मांगे थे। हम फाइट ऑफ कर रहे थे, क्योंकि हमें करना था। हमने खुद एप्लीकेशन दी कि अब यह ग्रीन पावर नहीं हो रहा, इसलिए आप हमें कोयले में लगाने को कहें, नहीं तो हम पैसे चुका नहीं सकते हैं। इरेडा को हमने यह एप्लीकेशन दी और इरेडा ने उसे स्वीकार किया। इसके कारण इरेडा के पैसे हमने वापस किए। यह कोई ओटीएस नहीं है। पहली बात सब्सिडी हमने एक रुपए की नहीं ली।

[श्री नितिन जयराम गडकरी]

...**(व्यवधान)**... पहले आप सुन लीजिए। दिग्विजय जी, शांति से सुनो। मध्य प्रदेश के कोर्ट में जैसा एफिडेविट करने का काम हो, ऐसा मैंने नहीं किया। ...**(व्यवधान)**...

श्री दिग्विजय सिंह: माननीय उपसभापति जी, माननीय गडकरी जी इस हाउस को मिसलीड कर रहे हैं।... **(व्यवधान)**... आप सुन लीजिए।

श्री नितिन जयराम गडकरी: चलिए, मैं वापस लेता हूँ। I am taking it back. ...*(Interruptions)*... I am taking it back.

श्री उपसभापति: उन्होंने विदड्रा कर लिया। He has taken it back. ...*(Interruptions)*...

SHRI DIGVIJAYA SINGH: Sir, I strongly object to his remarks. ...*(Interruptions)*... I have a lot of things to say against ...*(Interruptions)*...

श्री उपसभापति: विदड्रा कर लिया। ...**(व्यवधान)**... He has withdrawn it. ...*(Interruptions)*...

SHRI DIGVIJAYA SINGH: Why was he not allowed ..*(Interruptions)*..

MR. DEPUTY CHAIRMAN: He has withdrawn it. ..*(Interruptions)*.. अब बैठिए, बैठिए।

श्री नितिन जयराम गडकरी: इरेडा, यह भारत सरकार का संस्थान है और जो नॉन-कन्वेंशनल एनर्जी का है, यह भारत सरकार का डिपार्टमेंट है। उस समय यूपीए का राज था। भारत सरकार के डिपार्टमेंट ने सब्सिडी इरेडा को दी, हमारे नाम से जो सब्सिडी थी, उसे इरेडा ने रिसीव किया। ...**(व्यवधान)**... मैं अगर गलत बोल रहा हूँ, तो मेरे ऊपर लाइए।उपसभापति महोदय, पहली बात तो यह है कि जो सब्सिडी 1.67 करोड़ की थी, वह भारत सरकार के विभाग ने इरेडा को दी, हमने एक रुपया भी सब्सिडी का नहीं लिया। दूसरी बात है कि हमने खुद ही इरेडा को कहा कि अब हम कोयले से अपनी फैक्ट्री चलाएंगे और यह ग्रीन फ्यूल पर नहीं चलेगी, इसलिए हम आपका लोन वापस करना चाहते हैं। ...**(व्यवधान)**... मैं फिर से बता रहा हूं, आप मुझे बोलने दीजिए। पूर्ति शुगर फैक्ट्री में सब्सिडी का एक रुपया भी जमा नहीं हुआ है। यह पूरा पैसा भारत सरकार ने ...**(व्यवधान)**...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Sit down. ...*(Interruptions)*... Sit down.

श्री नितिन जयराम गडकरी: महोदय, इसके बाद भी जो उन्हें कहना है, वह बाद में कह सकते हैं। ...**(व्यवधान)**...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Sit down. ...*(Interruptions)*... Sit down. ...*(Interruptions)*...

श्री नितिन जयराम गडकरी: उपसभापति महोदय, इसके बाद इरेडा का कर्जा वापस किया, जिसका उल्लेख यहां किया गया है। एक माननीय सदस्य ने कहा और रिकॉर्ड में भी आई.आर.बी.

नाम का उल्लेख आया है, इसलिए मुझे कहना पड़ेगा और जवाब देना पड़ेगा। ...**(व्यवधान)**... देखिए, आप में से बहुत से लोग मुझे जानते नहीं हैं। मैं हिन्दुस्तान का एकमात्र राजकीय नेता हूं, जिसने 4 हजार करोड़ रुपए, सर, याद रखना और आंध्र प्रदेश के संदर्भ में पूछ लेना, 4 हजार करोड़ रुपए की कैपीटल मार्केट में खड़ी की और 8 हजार करोड़ रुपए के काम किए। जब मुम्बई-पुणे एक्सप्रैस हाइवे बना, तो 3600 करोड़ का लोएस्ट टेंडर आया था। ...**(व्यवधान)**...

SHRI DIGVIJAYA SINGH: Is it a part of CAG Report? ...*(Interruptions)*... Is it a part of CAG Report? ...*(Interruptions)*...

श्री नितिन जयराम गडकरीः सर, उन्होंने मुझे कहा था। यहां हाइवे की बात हो और मैं उसका जवाब न दूं, यह नहीं हो सकता है। ...**(व्यवधान)**...

SHRI DIGVIJAYA SINGH: He is deviating the issue, Sir. ...*(Interruptions)*... Is it a part of CAG Report? ...*(Interruptions)*...

श्री उपसभापतिः बैठिए, बैठिए। Listen to him. Sit down. ...*(Interruptions)*... Sit down. सुन लीजिए। ...**(व्यवधान)**...

श्री नितिन जयराम गडकरीः सर, इतना काम किया और उसके बाद 10 साल तक कांग्रेस की सरकार रही और मेरे खिलाफ एक भी इन्क्वायरी नहीं, एक भी ऑडिट रिपोर्ट नहीं, कोई कार्रवाई नहीं। ...**(व्यवधान)**...मैं कहना चाहता हूं कि जब यह कर्जा चुकाया गया, तो अपना घर गिरवी रखकर कर्जा चुकाया। एक नॉन-बैंकिंग इंस्टीट्यूशन की कंपनी थी, उसने 12 परसेंट की दर पर बैंक से कर्जा लिया और 2 परसेंट प्रॉफिट एड कर के 14 परसेंट पर हमें कर्जा दिया। उससे हमने इरेडा का कर्जा चुकाया। किसी ने फोकट में नहीं दिया। हमने कर्जा चुकाने के लिए अपना खुद इंतजाम किया। यह रिकॉर्ड है। इसे देख सकते हैं। ...**(व्यवधान)**...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Address to me only! ...*(Interruptions)*... Mr. Minister, please address to the Chair only. ...*(Interruptions)*...

श्री नितिन जयराम गडकरीः सम्माननीय उपसभापति महोदय, मैं केवल दो बातें कहना चाहता हूं। सी.ए.जी. ने जो रिपोर्ट दी है, उस समय यू.पी.ए. की सरकार थी। उसका अपारम्परिक मंत्रालय के अन्तर्गत जो इरेडा है, इनकी सरकार में उसने ही सी.ए.जी. की सभी बातों का जवाब दिया है। यह भी इस रिपोर्ट में है।

महोदय, मैं आपके माध्यम से एक और बात कहना चाहता हूं कि इसके बाद पब्लिक एकाउंट्स कमेटी है। आप में से एक सज्जन कह रहे थे कि मैं सदस्य हूं। मैं कंपनी की लिस्ट दे रहा हूं। इसमें 19 कंपनियां हैं। इन कंपनियों ने 18 मामलों में ब्याज तक नहीं दिया है और 9 कंपनियों ने ऋण भी नहीं चुकाया। आपने एक और गलत उल्लेख किया, हमने 84 करोड़ रुपए कर्जा नहीं लिया, हमने केवल 46 करोड़ रुपए कर्जा लिया था। उसकी कुल मिलाकर 84 करोड़ रुपए की रकम हो गई। उसके बाद जब हमने कहा कि हमें कर्जा वापस करना है, तो उन्होंने पैनल्टी और कंपाउंड इंटरैस्ट कैंसिल कर के 12.25 परसेंट के हिसाब से ब्याज जोड़कर, इन सभी कंपनियों में से केवल एक हमारी कंपनी है, जिसने

[श्री नितिन जयराम गडकरी]

5.00 P.M.

इरेडा को सबसे ज्यादा, 72 करोड़ रुपए वापस दिए, और किसी ने इतना रुपया इरेडा को नहीं दिया। ...**(व्यवधान)**...

SHRI TAPAN KUMAR SEN: But the claim was ₹ 84 crore. ...*(Interruptions)*...

श्रीमती विप्लव ठाकुरः ये पैसे कहां से आए? ...**(व्यवधान)**...

श्री नितिन जयराम गडकरीः यह पैसा कर्जे से आया। यह पैसा उस कंपनी से 14 परसेंट ब्याज पर कर्जा लिया। जिस कंपनी से 14 परसेंट पर कर्जा लिया, उसके ऋण से कर्जा वापस किया। ...**(व्यवधान)**... सम्माननीय उपसभापति महोदय, अब मैं आपके माध्यम से सदन को बताना चाहता हूं कि तब वहां बगास नहीं था, लेकिन आज स्थिति बदल गई है। आज हमारे यहां गन्ना लग गया। उससे 70 परसेंट बगास मिलेगा। परिस्थिति सुधर गई है। अब परिस्थिति उतनी बुरी नहीं है। जब वह परिस्थिति थी, तब हमने महाराष्ट्र सरकार से, एनवायरनमेंट मिनिस्ट्री से, महाराष्ट्र सरकार के ऊर्जा मंत्रालय से, महाराष्ट्र सरकार के एम.ई.आर.सी. आदि से सभी प्रकार की लीगल परमीशन मांगी, फिर हमने इरेडा को बताया, उनकी परमीशन ली और ऊर्जा मंत्रालय की परवानगी के सभी पत्र मैं आपको दे सकता हूं।

यह रिकॉर्ड मैं आपको देता हूं और उन सबकी परमिशन के बाद हमने यह किया। रही बात बाकी बातों की... दिग्विजय जी, मैं आपकी बात बताता हूं। ऐसा है, मैंने उस समय भी यह कहा था, जब हमारे खिलाफ आरोप लगे थे, तब 4,000 लोग हमारे शेयरहोल्डर्स थे। हां, उसमें गरीब भी था, ड्राइवर भी था, चपरासी भी था, सब लोग थे, किसान भी थे, कुछ कंपनियां भी थीं। मेरा शेयर 4,000 का था और इसलिए वे लोग शेयरहोल्डर्स थे, उनका बोर्ड भी था। ...**(व्यवधान)**... उसमें ड्राइवर भी था, सब गरीब लोग थे। क्या इस देश में ड्राइवर को डायरेक्टर नहीं बनना चाहिए? ...**(व्यवधान)**... क्या इस देश में गरीब व्यक्ति को डायरेक्टर बनने का अधिकार नहीं है? सम्माननीय उपसभापति महोदय, इन्होंने इनकी सरकार में मेरे खिलाफ पूरी कोशिश की। इनकम टैक्स में सब जांच होने के बाद मुझे एनओसी मिला कि मेरा किसी के साथ कोई संबंध नहीं है और वह एनओसी मेरे पास है। 2012 में दिग्विजय सिंह जी, आपने अगर फाइनेंस मिनिस्टर को पत्र दिया तो नितिन गडकरी आज भी तैयार है। जो भी इनक्वायरी फाइनेंस मिनिस्टर कराना चाहें, उसके लिए मैं तैयार हूं, मुझे कोई एतराज़ नहीं है। मैं आपको इतना ही कहना चाहूंगा कि इस विषय में भ्रष्टाचार नहीं है, misappropriation नहीं है ...**(समय की घंटी)**... नियमों का उल्लंघन नहीं है। हमने कर्ज़ा माफ किया, किसानों का भला किया और आप क्यों भ्रष्टाचार की बात करते हैं, मेरी समझ में नहीं आता। मुझे पता है और जब मैंने इतने अच्छे तरीके से कहा है, तो उसके समाधान में आपने तीन दिन का समय बेकार किया, उसका पश्चाताप आपको होता होगा। अब कोयला, जो आपने कोयले में ...**(व्यवधान)**... एक महीने तक ...**(व्यवधान)**... चले थे, तो हमने उसका ...**(व्यवधान)**...

SHRI TAPAN KUMAR SEN: Sir, I have one clarification. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Shri Ghulam Nabi Azad.

THE MINISTER OF COMMUNICATIONS AND INFORMATION TECHNOLOGY (SHRI RAVI SHANKAR PRASAD): Sir, the clarifications are over. ...*(Interruptions)*...

श्री दिग्विजय सिंह : सर, मैं आपसे यह अनुरोध करना चाहता हूं कि जो सब्सिडी की पात्रता होनी चाहिए थी...**(व्यवधान)**...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Shri Ghulam Nabi Azad. ...*(Interruptions)*...

Sit down. ...*(Interruptions)*...

श्री प्रकाश जावडेकर: सर, यह क्या हो रहा है? चर्चा पर चर्चा, फिर और चर्चा ...**(व्यवधान)**...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You need not question me. ...*(Interruptions)*... Sit down. ...*(Interruptions)*... Sit down. ...*(Interruptions)*... I have to decide this. ...*(Interruptions)*... You are not going to decide it. ...*(Interruptions)*... Sit down. ...*(Interruptions)*... Sit down. ...*(Interruptions)*...

श्री अनिल माधव दवे : यह क्या बार-बार चर्चा...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति : बार-बार or not, it is my decision. ...*(Interruptions)*... Shri Ghulam Nabi Azad.

श्री गुलाम नबी आज़ाद : सर, सबसे पहले मैं फाइनेंस मिनिस्टर का धन्यवाद करता हूं कि जीएसटी को लेकर जो कॉंस्टीट्यूशनल अमेंडमेंट था, उसको सेलेक्ट कमेटी को भेजने की हमारी जो मांग थी, उसको आपने मंज़ूर किया, लेकिन साथ ही साथ मैं यह भी बताना चाहता हूं कि कहीं न कहीं इस सरकार के किसी न किसी हिस्से से एक-दो दिनों से यह इम्प्रेशन मीडिया को दिया जा रहा था या मीडिया को ऐसा लगा या सरकार के द्वारा बताया गया था कि कांग्रेस पार्टी गडकरी जी का मुद्दा इसलिए उठा रही है कि हम कुछ कानूनों को पास नहीं कराना चाहते। यह इम्प्रेशन ...**(व्यवधान)**... मैं कोई गाली नहीं दे रहा हूं। तो यह इम्प्रेशन सरासर गलत था, क्योंकि इस सदन में इस तरह की रिपोर्ट्स पर पहले भी चर्चा हुई है। कई-कई दिनों तक, बीस-बीस दिनों तक सदन नहीं चला है। ...**(व्यवधान)**... तो यह कोई नई बात नहीं थी, आक्रोश था, इस सदन में और सदन के बाहर भी। उस पर चर्चा होना स्वाभाविक था, इसलिए किसी को अगर यह ख्याल था कि हम कुछ कानूनों को रोकने के लिए यह कर रहे हैं, तो यह इम्प्रेशन बिल्कुल गलत था और इसी को ...**(व्यवधान)**... और इसी के चलते मैं यहां नेता सदन से गुज़ारिश करूंगा कि कल सुबह ब्लैक मनी का बिल सबसे पहले लगाया जाए, उसके बाद अगर आपको कोई दूसरा बिल लगाना है, तो हमें कोई आपत्ति नहीं है। जो बिल हैं, हम उनको पास करने में भी सहयोग करेंगे। जहां हमें सेलेक्ट कमेटी को भेजने की जरूरत महसूस होगी, उसके लिए हम आपसे अनुरोध भी करेंगे, उस पर शोर भी करेंगे, इसलिए आप कल ब्लैक मनी का बिल लाइए और उसके साथ कोई और बिल लाना है, तो उसमें हमारा पूरा सहयोग मिलेगा।

जहां तक गडकरी जी का सवाल है, आपने खुद बताया कि कांग्रेस की जो बंद पड़ी है और दिवालिया निकल गया, अब 4000 करोड़ के प्रोजेक्ट तो उन्होंने किए नहीं। उनको किसी ने unsecured लोन नहीं दिया, तो उनको तो बंद होना ही था। इसलिए ...(व्यवधान)...

†قائد حزب اختلاف (جناب غلام نبی آزاد) : سر، سب سے پہلے میں فائننس منسٹر کا دھنیواد کرتا ہوں کہ جی۔ایس۔ٹی۔ کو لے جو کانسٹی ٹیوشن امینڈمینٹ تھا، اس کو سلیکٹ کمیٹی کو بھیجنے کی ہماری مانگ تھی، اس کو آپ نے منظور کیا، لیکن ساتھ ہی ساتھ میں یہ بھی بتانا چاہتا ہوں کہ کہیں نہ کہیں اس سرکار کے کسی نہ کسی حصے سے ایک۔دو دنوں سے یہ امپریشن میڈیا کو دیا جا رہا تھا یا میڈیا کو ایسا لگا یا سرکار کے ذریعے بتایا گیا تھا کہ کانگریس پارٹی گڈکری جی کا مدعا اس لئے اٹھا رہی ہے کہ ہم کچھ قانونوں کو پاس نہیں کرانا چاہتے۔ یہ امپریشن ۔۔۔(مداخلت)۔۔۔ میں کوئی گالی نہیں دے رہا ہوں۔ تو یہ امپریشن سراسر غلط تھا، کیوں کہ اس سدن میں اس طرح کی رپورٹس پر پہلے بھی چرچا ہوتی ہے۔ کئی کئی دنوں تک، بیس۔بیس دنوں تک سدن نہیں چلا ہے ۔۔۔(مداخلت)۔۔۔ تو یہ کوئی نئی بات نہیں تھی، آکروش تھا، اس سدن میں اور سدن کے باہر بھی۔ اس پر چرچا ہونا سوابھاوک تھا۔ اس لئے کسی کو اگر یہ خیال تھا کہ ہم کچھ قانونوں کو روکنے کے لئے کر رہے ہیں، تو یہ امپریشن بالکل غلط تھا اور اسی کو ۔۔۔(مداخلت)۔۔۔ اور اسی کے چلتے میں یہاں نیتا سدن سے گزارش کروں گا کہ کل صبح بلیک منی کا بل سب سے پہلے لایا جائے، اس کے بعد اگر آپ کو کوئی دوسرا بل لگانا ہے، تو ہمیں کوئی آپتی نہیں ہے۔ جو بل ہیں، ہم ان کو پاس کرنے میں بھی سہیوگ کریں گے۔ جہاں ہمیں سلیکٹ کمیٹی کو بھیجنے کی ضرورت محسوس ہوگی، اس کے لئے ہم آپ سے انورودھ بھی کریں گے، اس پر شور بھی کریں گے، اس لئے آپ کل بلیک منی کا بل لائیے اور اس کے ساتھ کوئی اور بل لانا ہے، تو اس میں ہمارا پورا سہیوگ ملے گا۔

جہاں تک گڈکری جی کا سوال ہے، آپ نے خود بتایا کہ کانگریس کی جو بند پڑی ہے اور دیوالیہ نکل گیا، اب 4000 کروڑ کے پروجیکٹ تو انہوں نے کئے نہیں۔ ان کو کسی نے 'ان سیکیورڈ' لون نہیں دیا، تو ان کو تو بند ہونا ہی تھا اس لئے ۔۔۔(مداخلت)۔۔۔

श्री नितिन जयराम गडकरी: आप गलत बोल रहे हैं। ...(व्यवधान)...

श्री गुलाम नबी आज़ाद : इसलिए हम माननीय गडकरी जी के उत्तर से बिल्कुल संतुष्ट नहीं हैं और हम सदन से वाक आउट करते हैं।

†جناب غلام نبی آزاد : اس لئے ہم مانئے گڈکری جی کے جواب سے بالکل مطمئن نہیں ہیں اور ہم سدن سے واک آؤٹ کرتے ہیں۔

(At this stage, some hon. Members left the Chamber.)

GOVERNMENT BILL — *Contd.*

The Companies (Amendment) Bill, 2014

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, I will take up Bills for consideration and passing. First Bill is the Companies (Amendment) Bill, 2014. Shri Arun Jaitley is to move the motion.

† Transliteration in Urdu Script.